>

Title: Need to provide immediate medical assistance in Eastern Uttar Pradesh particularly in Sant Kabir Nagar district facing a serious threat of outbreak of diseases following floods in the region.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): इस वर्ष भारी वर्षा के कारण आयी बाढ़ से उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र को काफी नुकसान हुआ है। बाढ़ के बाद इन्सेफ्लाइटिस, मलेरिया, डेंगू इत्यादि बीमारियों से इस क्षेत्र के लोग काफी प्रभावित हुए हैं। चूंकि मेरा संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर एक अति पिछड़ा क्षेत्र है तथा प्रदेश सरकार बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में आयी बीमारियों से प्रभावी तरीके से निपटने में असफल रही है तथा अंदेश है कि इन बीमारियों से काफी लोगों को जान से जाने का खतरा है।

अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि उक्त क्षेत्र में मेडिकल सहायता केन्द्र की तरफ से अविलंब उपलब्ध कराया जाए। दिल्ली से एक डॉक्टरों की टीम भी उक्त क्षेत्र में भेजी जाए एवं दवाइयों इत्यादि का उचित प्रबंध किया जाए।